## राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

**अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद संख्या–67 (लो0सू0अ0)/2022–23**

**मो॰ इमरान सलीम, ग्राम+पोस्ट–गाजीपुर, वार्ड संख्या–03, थाना–तारापुर, जिला–मुंगेर, बिहार–813221**

**बनाम**

**लोक सूचना पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना**

| आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि | आदेश फलक | |
|---|---|---|
| **06.12.2022** | मो॰ इमरान सलीम, ग्राम+पोस्ट–गाजीपुर, वार्ड संख्या–03, थाना–तारापुर, जिला–मुंगेर, बिहार–813221 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–01.12.2022 इस कार्यालय में दिनांक–05.12.2022 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–58F 899983 दिनांक– अस्पष्ट, जो राज्यपाल सचिवालय के पक्ष में देय है, संलग्न है। इसे आवश्यक कार्रवाई हेतु लेखा शाखा को भेजे।<br>अपीलकर्त्ता मो॰ इमरान सलीम ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–26.10.2022 को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन मुख्यमंत्री, सचिवालय, बिहार को दिया था, परंतु मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा सूचना नहीं दिये जाने के फलस्वरूप महामहिम राज्यपाल के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है।<br>साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–26.10.2022 की प्रति भी संलग्न नहीं की है।<br>विदित हो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत मुख्यमंत्री सचिवालय के लोक सूचना पदाधिकारी के प्रथम अपीलीय प्राधिकार के रूप में महामहिम राज्यपाल, बिहार Designated नहीं है। यह मुख्यमंत्री सचिवालय के ही अन्य वरीय पदाधिकारी होगें। अपीलार्थी ने गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपना अपील आवेदन समर्पित किया है। अतः प्राप्त अपील आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है।<br>सभी संबंधित को सूचित करें।<br>Sd/- 6/12/2022<br>**विशेष कार्य पदाधिकारी**<br>**–सह–**<br>**प्रथम अपीलीय प्राधिकार** | |